



# तीन रंग की ओढ़ चुनरिया, तेरा ध्वज लहराए.........


## भारत पर्व में राष्ट्रप्रेम की कविताओं की रही गूंज, कवि सम्मेलन में गूंजे देश प्रेम के स्वर





**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 जनवरी, गणतंत्र दिवस की संध्या पर नगर निगम टाउनहाल रीवा में भारत पर्व का आयोजन किया गया. भारत पर्व में संस्कृति विभाग के स्वराज संस्थान द्वारा तैनात कवियों ने देशप्रेम से ओत-प्रोत कविताएं सुनाई. कवि सम्मेलन का शुभारंभ अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने किया. माँ सरस्वती की वंदना के साथ कवि सम्मेलन आरंभ हुआ.**

कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए वरिष्ठ कवि सुरेश श्रीवास्तव सौरभ ने गणतंत्र दिवस के महत्व तथा देश की आजादी के लिए प्राणों का बलिदान करने वाले वीरों को याद करते हुए कवि सम्मेलन शुरू किया. कवि सम्मेलन में सबसे पहले कटनी से आईं कवयित्री मधु जैन माधवी ने माँ सरस्वती की वंदना और माँ शारदा का नमन किया. उन्होंने तीन रंग की ओढ़ चुनरिया, तेरा ध्वज लहराए कविता के साथ माँ भारती की वंदना की. उन्होंने मनवीणा की स्वर लहरी में जन-गण-मन का वास रहे गीत से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया. कवि सम्मेलन में कटनी से कवि सानूराज बेख़ौफ ने माता-पिता को समर्पित कविता सुनाई. कवि सम्मेलन में पन्ना जिले के पवई से पधारे कवि रघुवीर तिवारी योगी ने हिमालय है सुशोभित जिसका मुकुट बन, रत्नाकर जिसके चरण पखारता पंक्तियों के साथ देश वंदना की. उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से विन्ध्य की माटी, सफेद बाघों की भूमि और विन्ध्य के जलप्रपातों का सुंदर चित्रण किया. श्री योगी ने गौ हत्या रोकने के लिए मार्मिक कविता प्रस्तुत की. कवि सम्मेलन में नवोदित कवयित्री तथा रीवा नगर निगम में कार्यरत अपूर्वा चतुर्वेदी ने आकर्षक ढंग से मधुर स्वर में हम तोड़ के सब धाराएं, ध्वज अंबर तक लहराएं गीत प्रस्तुत किया. कवि सम्मेलन में विन्ध्य माटी के कवि रामकृष्ण द्विवेदी ने रोचक अंदाज में व्यंग्य बाणों से सजी कविता सुनाई. उन्होंने प्रयागराज के माघ स्नान का बघेली कविता से चित्रण करके श्रोताओं की तालियाँ बटोरी. श्री द्विवेदी ने माँ-बाप की दुख-दर्द की साथी हैं बेटियाँ गीत के माध्यमे स परिवार में बेटियों के महत्व और महिला सशक्तिकरण के आयामों का आविर्भाव किया. कवि सम्मेलन के अंत में संचालन कर रहे कवि सुरेश सौरभ ने राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कविताएं और मुक्तक सुनाए. उन्होंने गीतों में श्रृंगार नहीं अंगार चाहिए पंक्तियों के साथ काव्य पाठ की शुरूआत की. उन्होंने कविताओं के माध्यम से वीर जवानों के बलिदान, देश की प्रगति राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रप्रेम की सुगंध बिखेरी. कवि सम्मेलन के समापन पर जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से सभी कवियों को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया. टाउन हाल में जनसंपर्क विभाग द्वारा चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया. शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, कार्यक्रमों और विकास कार्यों को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया. बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया.



### त्योंथर विधायक ने किया ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला. त्यौंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, त्यौंथर में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया. इस अवसर पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है और शिक्षा के साथ संस्कारों का होना भी अत्यंत आवश्यक है. कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अरविन्द तिवारी, विजय तिवारी, राजन शुक्ला, अजय सोनी, गौरव मिश्रा, शास्त्री प्रसाद मिश्रा, आसुतोष शुक्ला, करूना शंकर चतुर्वेदी, इशू केशरवानी, शिवरतन नामदेव, अशोक कुमार गुप्ता, कमलेश्वर राठौर, प्रदीप द्विवेदी, सफ़त मंसूरी को सम्मानित किया गया. विधायक ने निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है. कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

### विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ कार्यालय में ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व में पावर हाउस अमहिया गल्ला मण्डी स्थित संघ कार्यालय में ध्वजारोहण ई. बी के शुक्ला अधीक्षण अभियन्ता एवं संघ संस्थापक डॉ. एल. के. मिश्रा द्वारा सम्पन्न किया गया. इंजीनियर बी के शुक्ला द्वारा अपने उद्बोधन में कर्मचारियों के जायज मांगों का समर्थन करते हुए पूरा करने का आश्वासन दिया. इंजीनियर शुक्ल द्वारा 24 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया. तत्पश्चात डा. एल के मिश्रा द्वारा अपने संबोधन में विद्युत मंडल के कंपनीकरण एवं उससे हो रहे कर्मचारियों के शोषण के प्रति ध्यानाकर्षण कराया गया. पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल मिश्रा द्वारा अपने उद्बोधन बताया गया कि सभी को अपने कर्तव्य एवं कार्यों का ईमानदारी से पालन करने एवं अपनी जायज मांगों के लिए भी सतर्कता पूर्वक सजग रखना चाहिए. जिला अध्यक्ष आर.पी मिश्रा द्वारा सभी कर्मचारियों को एक जुटता का परिचय देते हुए अपने मांगों को प्राप्त करने के लिए संघ का सहयोग करने पर जोर दिया जिससे अपनी मांगों को पूरा किया जा सके. शिवनाथ सिंह द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर गीत गाकर भाव विभोर कर दिया. अनिल बहादुर सिंह ने अपने संचालनीय क्षमता का परिचय देते हुए सभी कर्मचारियों को एक जुट रखने में सराहनीय कार्य किये. वरिष्ठ पदाधिकारी नरेन्द्र सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया. उनके द्वारा काम में आने वाली कठिनाइयों का जिक्र करते हुए सभी को अपने कार्य के प्रति सजग किया. अन्य वक्ताओं द्वारा संगठन के प्रति सहयोग की भावना परिलक्षित करते हुए संगठन को सशक्त बनाने पर बल दिया.

# गांवों में नहर पार करने के लिए नहीं बना है पुल और न ही होती है सफाई

**नवभारत न्यूज**
**चाकघाट, 28 जनवरी, रीवा जिले के तराई आंचल में हरित क्रांति के तहत जिस प्रकार नहरों का विस्तार किया गया उन मुख्य नहरों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सिंचाई विस्तार हेतु शाखा नहर का भी निर्माण किया गया है किंतु उसमें नहर पार करने के लिए पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया है.**

जिससे किसानों को नहर के पार अपनी ही भूमि पर जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. क्षेत्र के नहरों के विस्तार से स्वाभाविक रूप से जमीन दो हिस्सों में बट गई. जिस किसी व्यक्ति की जमीन नहर के दोनों तरफ है वह अपने ही खेत के दूसरे हिस्से में सहज नहीं जा पा रहा है. बताया गया है कि कई कई किलोमीटर तक नेहरे को पार करने के लिए कोई पुल नहीं बनाया गया है. नहर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से एवं मध्य प्रदेश शासन के सिंचाई विभाग नहर निर्माण से जुड़े अधिकारियों से आग्रह है कि वह नहरे के ऊपर किसानों को आने-जाने के लिए जगह-जगह पर पुल का निर्माण करायें. जिससे किसानों को आने-जाने में असुविधा न हो. साथ ही नहर के साइड में इस तरह से मजबूती और विस्तार प्रदान किया जाना चाहिए कि लोगों को अपने वाहन एवं पैदल आने जाने में असुविधा का सामना न करना पड़े. चाकघाट से लगे उत्तर प्रदेश की सीमा में जिस तरह नहर की पटरी व्यवस्थित और पक्की बनाई जाती है जिस पर किसान अपने ट्रैक्टर चार पहिया वाहन आसानी से ले जाते हैं इस तरह तरह इस अंचल के विशेष तौर पर पूर्वांचल क्षेत्र में व्यवस्था की जानी चाहिए.

इतना ही नहीं, आरोप यह भी है कि इन शाखाओं ( माइनरों) की कभी मरम्मत, और सफाई का कार्य नहीं होनें से जगह-जगह नहर टूटने, कटाव, मिट्टी, घास आदि की अधिकता के कारण शाखा का मूल स्वरूप समाप्त होकर नाली का रुप ले रही है, यह सोचनीय विषय है. किसानों द्वारा यह भी बताया गया कि आवश्यकता पर कभी भी पानी नहीं छोड़ा जाता है, यह भी गंभीर समस्या है.



राजस्व विभाग के कार्यो की समीक्षा करते कलेक्टर संजय कुमार जैन

# कलेक्टर मऊगंज ने 15 आवेदन पत्रों में की सुनवाई

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 28 जनवरी, कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आमजनता के 15 आवेदन पत्रों में सुनवाई की.**

कलेक्टर ने अधिकारियों को सात दिवस में आवेदन पत्रों का निराकरण करने के निर्देश दिए. जनसुनवाई में ग्राम मिसिरगवां के निवासियों ने मोती कोल द्वारा शासकीय बोर में अवैध रूप से कब्जा करके उससे की जा रही सिंचाई को रोकने तथा आमजनता को पेयजल के लिए हैण्डपंप उपलब्ध कराने का आवेदन दिया. कलेक्टर ने तहसीलदार मऊगंज को तत्काल मौके पर जाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए. जनसुनवाई में फुलवसिया निवासी ग्राम पहिलपार ने जमीन के सीमांकन एवं खसरा सुधार के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने तहसीलदार नईगढ़ी को आवेदन पत्र में कार्यवाही के निर्देश दिए. राकेश तिवारी तथा अन्य ग्रामवासी ग्राम तारीखास ने गावं के आम रास्ते से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने तहसीलदार नईगढ़ी को तत्काल कार्यवाही करके आम रास्ता बहाल कराने के निर्देश दिए. जनसुनवाई में रामलाल साकेत निवासी ग्राम भीर ने जमीन का पट्टा देने के लिए आवेदन दिया. जनसुनवाई में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

# समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुढ़ में ध्वजारोहण

गुढ़, 28 जनवरी, गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुढ़ में मनाया गया. अस्पताल प्रभारी डा. सूर्यप्रकाश सिंह द्वारा तिरंगे ध्वज को फहराते हुए फूलो की वारिस के साथ सलामी दी गई. तत्पश्चात राष्ट्रीय गीत का अस्पताल स्टाप द्वारा गायन किया गया. मरीजो का फलो का वितरण किया गया. इस अवसर पर डॉं. सूर्यप्रकाश सिंह, डॉं. अमृता पाण्डेय, नर्स ज्योती पटेल, स्वाती पटेल, रश्मी पटेल, पुष्पेन्द्र रावत, अनूप आदि मौजूद रहे.

# राजस्व कार्यों में ढिलाई न बरतें, लंबित प्रकरणों का करें निराकरण : संजय

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 28 जनवरी, राजस्व विभाग के कामकाज में कसावट लाने और आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली.**

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने विशेष रूप से नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की स्थिति पर असंतोष जताते हुए अधिकारियों को फील्ड पर सक्रिय रहने के निर्देश दिए. कलेक्टर जैन ने आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित मामलों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को लक्ष्य निर्धारित कर दिया है. उन्होंने निर्देश दिए कि नामांतरण और सीमांकन जैसे बुनियादी कार्यों के लिए ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर न काटना पड़े, क्योंकि राजस्व विभाग ही प्रशासन की असली रीढ़ है. सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित शिकायतों की संख्या किसी भी स्थिति में सौ से अधिक नहीं होनी चाहिए. उन्होंने जोर देकर कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ धरातल पर होना चाहिए. बैठक में कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारूप 5, 6 एवं 7 से संबंधित आवेदनों के निराकरण के संबंध में निर्देश दिए. बैठक में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गोरैया सहित एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी मौजूद रही.

# सड़क निर्माण की जांच करने पहुंची टीम, निर्माण में गुणवत्ता का अभाव



**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 28 जनवरी, जिले के जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव में पंचायत कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है. ग्रामीणों और जांच टीम के अनुसार सरपंच एवं सचिव के कार्यकाल में कराए गए कई विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हुए हैं.**

जांच टीम द्वारा मुख्य मार्ग से अशोक चतुर्वेदी के घर की ओर बनाई गई सड़क का निरीक्षण किया गया जो लगभग एक वर्ष पूर्व बनाई गई थी. ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का अभाव रहा, जिसके कारण यह एक माह के भीतर ही टूटने लगी और कुछ ही महीनों में पूरी तरह जर्जर हो गई. इससे ग्रामीणों में पंचायत के प्रति नाराजगी देखी जा रही है. इसी प्रकार दुकाल के घर से भेलई कोहार के घर तक बनी सड़क सहित अन्य कार्यों की भी जांच की गई, जिनमें अनियमितताओं की बात सामने आई है. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मुख्य मार्ग से अर्जुन साकेत के घर की ओर सड़क निर्माण के नाम पर लगभग 2 लाख 40 हजार रुपये पंचायत खाते से निकाले गए, जबकि मौके पर आज तक सड़क का कोई अस्तित्व नहीं है. हैरानी की बात यह भी सामने आई कि जिस भूमि पर सड़क दर्शाई गई है, वह भूमि निजी बताई जा रही है.

### दोषियों के विरुद्ध संवैधानिक कार्रवाई की जाएगी

जांच के लिए मौके पर पहुंचे जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के सीईओ संजय सिंह ने बताया कि पंचायत कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसकी वजह से टीम गठित की गई थी. जिसमे रायपुर जनपद सीईओ सहायक यंत्री, उपयंत्री ने बड़ागांव पंचायत पहुंचकर पंचायत कर्मियों द्वारा किए गए कुछ कार्यों की जांच की. इसी दौरान किए गए कार्यों में भारी अनियमितताएं पाई है. उन्होंने कहा कि शिकायत के आधार पर मौके पर जांच की गई है जिसमें पंचायत कर्मियों द्वारा अनियमितताओं की बात सामने आ रही है अत: जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध संवैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 28 जनवरी, जिले में कुपोषण की रोकथाम एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई.**

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में विगत माह के दौरान नवीन रूप से चिन्हित कुपोषित श्रेणी के बच्चों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई. कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी चिन्हित बच्चों का मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत शत-प्रतिशत पंजीयन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, जिससे पात्र बच्चों को शासन द्वारा प्रदत्त समस्त स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराए जा सकें. कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए कि मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत पंजीकृत किए गए समस्त गंभीर कुपोषित बच्चों को अमॉक्सीसिलिन दवा की पर्याप्त एवं सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि संक्रमण की रोकथाम करते हुए उनके स्वास्थ्य स्तर में अपेक्षित सुधार लाया जा सके. बैठक में कुपोषित बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग, स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण आहार की आपूर्ति एवं फॉलो-अप की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया.

बैठक में अपर कलेक्टर पी के पांडेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गौरिया, एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता, एसडीएम हनुमना मौजूद रही.

# रोजगार मेले में 58 युवाओं को मिला रोजगार

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 28 जनवरी, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है. मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में सेठ रधुनाथ प्रसाद महाविद्यालय हनुमना में रोजगार मेला आयोजित किया गया.**

मेले में 109 आवेदकों ने पंजीयन कराया. मेले में शामिल 8 कंपनियों ने 58 युवाओं का चयन किया. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल कंपनी आमधनी बजाज ऑटो लि.मि. चाकन औरंगाबाद में 7, याजाकी इंडिया प्रा. लि. अहमदाबाद में 4, ब्राम्हादेवी इंजीनियरिंग इंदौर में 4, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार (म.प्र.) में 8, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा में 10, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा में 17, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा में 3 तथा सीआईआई-एमसीसी गुजरात में 5 युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये. गौरतलब है कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर लगातार रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है.

# प्रकरणों के लंबित रहने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी



**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 28 जनवरी, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी और राजस्व प्रकरणों के लंबित रहने पर नाराजगी व्यक्त की है.**

मऊगंज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर ने विभागीय कार्यप्रणाली असंतोष व्यक्त किया. कलेक्टर ने कहा कि कार्य में लापरवाही और उदासीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी. बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन तथा मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई. कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम, फार्मर रजिस्ट्री एवं वय वंदना योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त की.

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का तत्काल, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें. पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने में किसी भी प्रकार की देरी होने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी. कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी. नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरण समय-सीमा के भीतर निराकृत करें. कलेक्टर ने आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित मामलों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य निर्धारित किया. कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें नॉन-अटेंडड रहना गंभीर लापरवाही है. सामान्य प्रशासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति, पशुपालन एवं डेयरी, श्रम, किसान कल्याण एवं कृषि विकास तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी इस पर विशेष ध्यान दें.

सौ दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का निराकरण न करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यवाही न करने पर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी. कलेक्टर ने अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था और मैदानी स्तर पर सक्रियता दिखाते हुए शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता तक पहुंचाने निर्देश दिए. बैठक में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गोरया, एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.